महिलाओं पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

न्यायालय ने भेजा जेल, सिरसौद पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में की कार्रवाई, घटना के बाद से चल रहा था फरार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 नवम्बर। सिरसौद थाना क्षेत्र के ग्राम राजा की मुढैरी में महिलाओं पर जानलेवा हमला करने और छप्पर में आग लगाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी अनिल शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 21 अक्टूबर 2026 को ग्राम राजा की मुढैरी निवासी रेखा कुशवाह (35) ने उपचार के दौरान रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने एकराय होकर उन पर और उनकी जेठानी मिथलेश कुशवाह पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था।

हमले में रेखा के सिर में गंभीर चोट आई थी। साथ ही उनके छप्पर में आग भी लगा दी गई थी। फरियादिया की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 263/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरडी प्रजापति एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में सिरसौद थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह गुर्जर ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई करते हुए फरार एवं इनामी आरोपी अनिल शर्मा (50) पुत्र स्वर्गीय भगवानलाल शर्मा निवासी ग्राम राजा की मुढैरी को गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह गुर्जर सहित पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही।

कोतवाली पुलिस ने 60 ली. अवैध हाथ भट्टी शराब पकड़ी

भट्टी एवं लहान किया नष्ट, बड़ौदी में रामसहाय ट्रांसपोर्ट के पीछे चल रहा था अवैध शराब का कारोबार, 48 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार



शिवपुरी, 23 नवम्बर। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ौदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 60 ली. हाथ भट्टी की अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से सुमेर सिंह यादव (48) निवासी सहराना बस्ती, बड़ौदी को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब बनाने की भट्टी और दो ड्रमों में भरा लहान नष्ट कराया।

पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को सूचना मिली थी कि रामसहाय ट्रांसपोर्ट के पीछे एक व्यक्ति हाथ भट्टी की शराब बेचने की तैयारी में है। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी पुनीत वाजपेयी ने पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास रखी दो प्लास्टिक की कट्टियों से 30-30 लीटर, कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की शराब बरामद हुई।

पुलिस ने मौके पर संचालित शराब बनाने की भट्टी को नष्ट किया तथा दो ड्रमों में भरे लहान को फैलाकर नष्ट कराया। आरोपी के खिलाफ अपराध क्र. 897/26 के तहत आबकारी एक्ट की धारा 34(1) एवं 34(2) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति एवं नगर पुलिस अधीक्षक सचिन कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पुनीत वाजपेयी, प्र.आ. दिनेश सिंह, आ. अंकित शर्मा, महेंद्र तोमर, राहुल कुमार एवं प्रधान आरक्षक जितेंद्र रावत की सराहनीय भूमिका रही।



रोजगार शिविर में 24 युवाओं ने कराया पंजीयन, 7 का हुआ चयन

सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर और ड्रोन पायलट के 250 पदों पर होगी भर्ती, 25 से जिले में फिर लगेंगे शिविर

नवभारत न्यूज

पोहरी, 23 नवम्बर। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जीडीएक्स सिक्योरिटी ग्रुप नोएडा द्वारा भर्ती शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 23 नवंबर को जनपद पंचायत पोहरी में आयोजित भर्ती शिविर में 24 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से निर्धारित मापदंडों के आधार पर 7 युवाओं का चयन किया गया।

इस भर्ती अभियान के तहत सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ड्रोन पायलट के कुल 250 पदों पर भर्ती की जा रही है। चयनित युवाओं को नोएडा में 20 दिन का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद ग्वालियर, इंदौर, पीथमपुर, कटनी, जबलपुर, देवास और गुना सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में पदस्थ किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों को पद के अनुसार 18 हजार से 28 हजार रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा, मेडिकल सुविधा, वेतन वृद्धि, प्रमोशन तथा रियायती दर पर आवास एवं मेस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इन स्थानों पर लगेंगे आगामी भर्ती शिविर

भर्ती अभियान के तहत 25 नवंबर को जनपद पंचायत पिछोर, 26 को जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी, 27 को जनपद पंचायत कोलारस, 30 एवं 1 दिसंबर को जनपद पंचायत बदरवास, 2 दिसंबर को जनपद पंचायत नरवर तथा 3 दिसंबर को जनपद पंचायत खनियांधाना में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इच्छुक युवा अपनी 10वीं की अंकसूची एवं आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर निर्धारित तिथि पर शिविर स्थल पहुंच सकते हैं। 250 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क केवल चयनित उम्मीदवारों से लिया जाएगा।

समूह से जुड़कर अनारी जाटव ने बदली परिवार की तस्वीर

आजीविका मिशन से मिली आर्थिक मजबूती और नई पहचान

10 महिलाओं के साथ छोटी बचत से शुरू किया सफर, आज टैक्सी और पशुपालन से बढ़ाई परिवार की आय, आत्म निर्भरता की बनी मिसाल

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 नवम्बर। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर स्व-सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई राह खोली है। इसकी एक प्रेरक मिसाल ग्राम पंचायत जरियाकलां के ग्राम आनंदपुर निवासी अनारी जाटव हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए न केवल अपने परिवार को आर्थिक मजबूती दी, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बनीं।

वर्ष 2016 में जब अनारी जाटव



की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, तब उन्होंने गांव की 10 महिलाओं के साथ स्व-सहायता समूह से जुड़कर 20 से 30 रुपये की नियमित बचत शुरू की। समूह की बैठकों और आपसी सहयोग से उन्हें जरूरत के समय आर्थिक मदद मिलने लगी। इसके बाद उन्होंने समूह से छोटे और बड़े ऋण लेकर आजीविका के नए अवसर तलाशे और मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

परिवार पर जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। बड़े जेठ के निधन के बाद उनके तीन बच्चों की जिम्मेदारी भी परिवार पर आ गई थी। ऐसे में समूह से मिले ऋण का उपयोग उन्होंने बड़े जेठ के बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए टैक्सी खरीदने में किया। इसके साथ ही भैंस खरीदकर दूध उत्पादन और विक्रय का काम शुरू किया। आज वे आजीविका मिशन में सीआरपी, सीएलएफ प्रेरक और पशु सीआरपी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। इन गतिविधियों से उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो गई है।

अनारी जाटव ने अपनी मेहनत से न केवल बच्चों की शिक्षा और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी संभाली, बल्कि बड़े जेठ के बच्चों को रोजगार दिलाने के साथ परिवार को भी एकजुट रखा। उन्होंने दो बच्चों का विवाह भी कराया। कभी लोगों के सामने अपनी बात रखने में हिचकिचाने वाली अनारी आज आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखती हैं। आजीविका मिशन के बेहतर कार्यों के अनुभव साझा करने के लिए वे भुवनेश्वर (ओडिशा) का हवाई जहाज से भ्रमण भी कर चुकी हैं। अनारी जाटव का कहना है कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक मजबूती के साथ आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान भी बढ़ी है। उन्होंने इस बदलाव के लिए आजीविका मिशन के सहयोग और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समूह ने उन्हें कठिन परिस्थितियों से निकलकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया।



सड़क के जानलेवा गड्ढे को लेकर पार्षद ने सीएमओ को सौंपा शिकायती आवेदन, 7 दिन का अल्टीमेटम

टमटम पलटने से पांच-छह हुए घायल, मरम्मत न होने पर पार्षद करेंगे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 नवम्बर। शहर में सड़कों की बदहाल स्थिति और दुर्घटनाओं को लेकर वार्ड क्र. 20 के पार्षद विजय शर्मा बिंदास ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायती आवेदन सौंपा है। उन्होंने अरिहंत मेडिकल स्टोर के सामने सड़क पर बने बड़े और जानलेवा गड्ढे की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

पार्षद विजय शर्मा ने आवेदन में बताया कि उक्त गड्ढे के कारण आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। हाल ही में इसी स्थान पर एक टमटम पलट गई थी, जिसमें सवार करीब पांच-छह लोग घायल हो गए। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

पार्षद ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित स्थल का तत्काल निरीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना और जनहानि को रोका जा सके।

> **7 दिन में मरम्मत नहीं हुई तो करेंगे धरना-प्रदर्शन**
>
> पार्षद विजय शर्मा बिंदास ने नगर पालिका प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे जनहित में संबंधित स्थल पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर काम होना चाहिए।

वन विभाग ने 10 हैक्टेयर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

- पांच अतिक्रमणकारियों के बेजा कब्जे सख्ती से हटाए
- अतिक्रमण से मुक्त हुई जमीन पर विभाग करेगा पौधरोपण

नवभारत न्यूज

लाड़कुई 23 नवंबर. वन भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. वन परिक्षेत्र लाडकुई के अंतर्गत परिसर किशनपुर में जेसीबी से 10.270 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया. इस दौरान पांच अतिक्रमणकारियों के कब्जे हटाए गए.

जानकारी के अनुसार किशनपुर क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें मिलने के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश चंद्र उईके ने विभागीय अमले की टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए. सोमवार को वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा श्रमिक मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की. टीम ने चिह्नित वन भूमि से पांच अतिक्रमणकारियों के कब्जे हटाकर जमीन को मुक्त कराया. इस दौरान अतिक्रमणकारियों को दोबारा वन भूमि पर कब्जा नहीं करने की सख्त चेतावनी भी दी गई. अतिक्रमण हटाने के बाद वन विभाग ने मुक्त कराई गई भूमि को दोबारा वन क्षेत्र के रूप में विकसित और संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। इसके लिए जमीन पर गड्ढे खोदने का काम शुरू किया गया है, ताकि पौधरोपण कर वन संपदा को बढ़ावा दिया जा सके. जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधरोपण का कार्य भी जारी है.

विधायक निधि से होगा टीनशेड का निर्माण

सीहोर. देव नगर कॉलोनी वार्ड नंबर 2 स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सुविधाजनक टीनशेड निर्माण के लिए विधायक सुदेश राय ने अपनी शासकीय निधि से पांच लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी है. विश्वकर्मा सेवा समिति अध्यक्ष कमल किशोर विश्वकर्मा और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं समाज जनों की मांग पर नपा उपाध्यक्ष पार्षद विपिन सास्ता की अनुशंसा पर विधायक सुदेश राय ने उक्त पांच लाख रुपए की राशि टीनशेड निर्माण के लिए स्वीकृत की है. निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक सुदेश राय द्वारा किया जाएगा. टीन शेड की स्वीकृति प्रदान करने पर विधायक सुदेश राय का अध्यक्ष कमल किशोर विश्वकर्मा, नीलू विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा आदि ने आभार माना.

स्कूली बच्चों को वितरित किए बैग और शिक्षण सामग्री

भैरूंदा. नगर के वार्ड क्रमांक 5 में संचालित प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को उज्ज्वल पथ एवं समाधान स्टोर्स की ओर से बैग एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई. इस अवसर पर बच्चों को फल भी वितरित किए गए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उज्ज्वल पथ के संचालक विनय यादव ने कहा कि उज्ज्वल पथ का उद्देश्य वंचित वर्गों के जीवन में उजाला लाना है. कार्यक्रम को संजय पटेल हवेली ने भी संबोधित किया. वहीं, फ्रूट मर्चेंट सोनू ने सभी बच्चों को फल वितरित किए. कार्यक्रम में प्रबल अग्रवाल, सोनू पटेल, मुकेश पंवार, अजय पटेल, अर्जुन पंवार आदि उपस्थित रहे.

किसानों को दी आधुनिक सिंचाई तकनीकों की जानकारी

इछावर. जल संरक्षण एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम भाऊखेड़ी में प्रेशराइज्ड इरीगेशन (दबावयुक्त सिंचाई) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं सिंचाई जल बचाव जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के पूर्व वैज्ञानिक दीपक कुशवाहा ने किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों के महत्व, जल उपयोग दक्षता तथा पर ड्रॉप मोर क्रॉप (प्रति बूंद अधिक फसल) की अवधारणा के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित किसानों को बताया कि आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाकर पानी की बचत के साथ फसल उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है.

नए ओवरब्रिज को 40 लाख की रोशनी का इंतजार

हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज से वाहनों का आवागमन जारी, लेकिन रात में अंधेरा होने के कारण हादसों का रहता अंदेशा

- स्ट्रीट लाइट के लिए 40 लाख का रिवाइज स्टीमेट भेजा
- अंधेरे में डूबे ओवरब्रिज पर हो सकता है गंभीर हादसा

नवभारत न्यूज

सीहोर 23 नवंबर. शहर के हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज पर बिना लोकार्पण के आवागमन तो शुरू हो गया है, लेकिन लोगों की मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं. रेलवे और ब्रिज कारपोरेशन के बीच समन्वय की कमी के चलते निर्माण पूरा होने से पहले ही रेलवे फाटक स्थायी रूप से बंद कर दिया गया. अब अधूरे ओवरब्रिज से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को तकनीकी खामियों के साथ सुरक्षा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. खासकर रात के समय ब्रिज अंधेरे में डूबा रहता है. ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए ब्रिज कारपोरेशन की विद्युत एवं मैकेनिकल शाखा ने 40 लाख रुपए का रिवाइज्ड एस्टीमेट स्वीकृति के लिए भेजा है. वरिष्ठ विभाग मंजूरी मिलने के बाद ही लाइटिंग का काम शुरू हो सकेगा.

गौरतलब है कि रेलवे और ब्रिज कारपोरेशन के बीच समन्वय नहीं बनने का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ा. ब्रिज कारपोरेशन ने वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर को पत्र लिखकर सर्विस रोड और अन्य जरूरी काम पूरे होने तक हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक से कुछ दिन और आवागमन सुचारू रखने की मांग की थी.

इसके बावजूद रेलवे ने अपनी पूर्व सूचना का हवाला देते हुए गत 16 नवंबर से गेट स्थायी रूप से बंद कर दिया. विरोध के स्वर उठे और उसी रात राहगीरों ने गेटमेन के पास हंगामा किया तो गेट खोल दिया गया, लेकिन अगले दिन फिर गेट बंद कर दिया गया. दोनों विभागों की हठधर्मिता के चलते अधूरे ओवरब्रिज से वाहनों का आवागमन शुरू हुआ.

स्थिति यह है कि ब्रिज पर अभी सर्विस रोड का काम पूरा नहीं हुआ है और न ही वेयरिंग कोट बिछाया गया है. ऐसे में तकनीकी और सुरक्षा की दृष्टि से ब्रिज पर आवागमन पूरी तरह सुरक्षित नहीं माना जा रहा. इसके बावजूद रेलवे फाटक बंद होने के कारण लोगों के पास इसी रास्ते से गुजरने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है. ब्रिज कारपोरेशन के विद्युत एवं मैकेनिकल शाखा के एसडीओ के अनुसार स्ट्रीट लाइट के लिए 40 लाख रुपए का रिवाइज्ड एस्टीमेट स्वीकृति के लिए भेजा गया है. स्वीकृति मिलते ही लाइट लगाने का काम शुरू कराया जाएगा. तब तक रात में लोगों को अंधेरे के बीच ही सफर करना पड़ेगा.

ऐसे में लोगों को हादसों के भय के बीच अंधेरे में ब्रिज से होकर गुजरना पड़ेगा.

स्वीकृति मिलते ही काम होगा प्रारम्भ

हाउसिंग बोर्ड स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट लगेंगी. हमारे द्वारा इसके लिए 40 लाख रुपए का रिवाइज स्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए वरिष्ठ विभाग को भेजा गया है. स्वीकृति मिलते ही स्ट्रीट लाइट लगाने का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा. इसमें संभवत: 20 दिन लग जाएंगे. हमारी तरफ से सभी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है.

अजय अठिया,
एसडीओ, ई एंड एम ब्रांच

> **जून में पूरा होना था निर्माण, अब भी कई काम बाकी**
>
> करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे इस आरओबी का निर्माण जून महीने तक पूरा होना था, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बाद भी काम अधूरा है. डिजाइन में बदलाव और एप्रोच रोड का काम नहीं होने के कारण पहले भी स्थानीय लोगों ने कई बार प्रदर्शन और चक्काजाम किए. हाउसिंग बोर्ड से ब्रिज तक रास्ता नहीं मिलने पर रहवासियों ने भूख हड़ताल तक की थी. अब रेलवे फाटक बंद होने के बाद अधूरे ब्रिज से आवागमन शुरू होने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है. सर्विस रोड, वेयरिंग कोट और स्ट्रीट लाइट जैसे जरूरी काम पूरे होने का इंतजार है.

> **फंदा व तूमड़ा आरओबी पर नहीं लगेंगी स्ट्रीट लाइट**
>
> इधर फंदा रेलवे फाटक और तूमड़ा पर बन रहे आरओबी का काम भी अभी पूरा नहीं हुआ है. डामरीकरण का कार्य चल रहा है और भी कई फिनिशिंग कार्य अभी बाकी हैं. दिलचस्प बात यह है कि फंदा और तूमड़ा के आरओबी पर ब्रिज कॉर्पोरेशन द्वारा उजाले के लिए स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई जाएगी. एसडीओ अजय अठिया ने बताया कि दोनों ब्रिज ग्राम पंचायतों के दायरे में आने के कारण विद्युत व्यवस्था ग्राम पंचायतों को ही अपने स्तर से करना होगी. जबकि हाउसिंग बोर्ड वाले रेलवे ओवरब्रिज की स्ट्रीट लाइट ब्रिज कार्पोरेशन की इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल शाखा द्वारा की जाएगी. ओवरब्रिज पर लगभग नौ मीटर ऊंचे 48 ऑक्टागोनल पोल पर दुधिया लैंप लगाए जाएंगे, लेकिन बिजली का कनेक्शन नगरपालिका सीहोर के नाम पर लिया जाएगा और उसे ही प्रतिमाह विद्युत खपत का बिल अदा करना होगा.

> **अंधेरे में सुरक्षा को लेकर भी चिंता**
>
> ब्रिज पर लाइटिंग नहीं होने से रात के समय पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है. अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका के साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का भी डर बना रहता है. लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक बंद करने से पहले वैकल्पिक रास्ते और ब्रिज की सभी जरूरी सुविधाएं पूरी कराई जानी चाहिए थीं. अब जिम्मेदार विभागों को कम से कम शेष निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराना चाहिए, ताकि लोगों को अधूरे और अंधेरे ब्रिज से गुजरने की मजबूरी से राहत मिल सके.

IIFL FINANCE

आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड | CIN: L67100MH1995PLC093797
पंजीकृत कार्यालय: आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नंबर 16वी, प्लॉट नंबर बी-23, ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे - 400604
फ़ोन: 022-41035000 • फ़ैक्स: 022-25806654 • टोल-फ़्री: 1860-267-3000
ई-मेल: gold-helpline@iifl.com • वेबसाइट: www.iifl.com

सार्वजनिक सूचना - गिरवी रखे गए सोने की नीलामी

संबंधित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ("आईआईएफएल") - जो भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है - यहाँ बताए गए लोन अकाउंट्स में गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी करेगी, जहाँ उधारकर्ता ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के समय-समय पर जारी निर्देशों ("RBI निर्देश"), लोन एग्रीमेंट की शर्तों और आईआईएफएल के बोर्ड से मंज़ूर गोल्ड लोन पॉलिसी के अनुसार, संचार के उपलब्ध माध्यमों से नीलामी का नोटिस और रिमाइंडर मिलने के बावजूद अपने लोन अकाउंट का भुगतान नहीं किया है या उसे नियमित नहीं किया है।

नीलामी की तारीख, समय और जगह: सार्वजनिक नीलामी **03.12.2026 को सुबह 10:00 बजे से** आईआईएफएल की इस ब्रांच में होगी: **शिवपुरी - ए.बी. रोड जी.एल., आईआईएफएल गोल्ड लोन, कमला टॉवर, प्रथम तल, एल.आई.सी. कार्यालय के सामने, बंधन बैंक के ऊपर, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, ए.बी. रोड, शिवपुरी, मध्य प्रदेश - ४७३५५१।।**

यह नीलामी उसी ज़िले में मौजूद लोन देने वाली शाखाओं के लोन अकाउंट से जुड़ी है।

गोल्ड लोन अकाउंट का विवरण: लोन अकाउंट नंबर- GL43100384, GL41109990, GL43342298, GL43611429, GL43567403, GL45600777, GL46450668, GL46365834, GL48402553, GL49002194, GL42898038, GL44784967, GL46624526, GL46181157, GL46668172, GL46558519, GL43016000, GL43607157, GL46410731, GL45846444, GL46096846, GL47236445, GL43812144, GL47095767, GL43096105, GL43244964, GL44304312, GL44627490, GL44779391, GL40774234, GL42283795, GL45898300, GL44296580, GL47016661, GL46026502, GL44559956, GL43677149, GL45845070, GL48388110, GL48067256, GL43134183, GL43750552, GL46996994, GL48047213, GL45781092, GL46193187, GL47960485.

डिफ़ॉल्ट करने वाले उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) के नाम, गिरवी रखे गए सोने की जानकारी और संबंधित शाखा का पता संबंधित शाखा और ऊपर बताए गए नीलामी केंद्र पर देखा जा सकता है। साथ ही, यह जानकारी आईआईएफएल कस्टमर केयर 1860-267-3000 या www.iifl.com से भी प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी से पहले भुगतान का अधिकार: उधारकर्ता/उनके कानूनी वारिस ऋण समझौते और मुख्य तथ्य के विवरण (KFS) में उल्लिखित ब्याज और लागू शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं और नीलामी की तारीख तक किसी भी समय लोन एकाउंट बंद या नियमित कर सकते हैं, जिसके बाद खाते को नीलामी से हटा लिया जाएगा।

इस प्रकाशन की तारीख या उसके बाद बंद किए गए या नियमित किए गए खातों से आनुपातिक प्रकाशन शुल्क वसूल किया जाएगा।

मृत उधारकर्ता: यदि कोई उधारकर्ता मृत है, तो यह सूचना और नीलामी की शर्तें उधारकर्ता के कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

आरक्षित मूल्य: नीलामी, RBI के निर्देशों के अनुसार तय किए गए गिरवी रखे सोने की मौजूदा कीमत के कम से कम 90% (उन लोन अकाउंट के लिए 85% जिनकी नीलामी दो बार फेल हो चुकी है) के आरक्षित मूल्य पर होगी।

बिक्री का आधार: नीलामी "जैसी है, जहाँ है", "जैसी है, वैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी। बोली लगाने के इच्छुक लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बोली लगाने से पहले दिखाए गए गिरवी रखे सोने की जानकारी देख लें और खुद संतुष्ट हो लें।

स्थगन / वापसी: आईआईएफएल दर्ज किए जाने वाले कारणों से नीलामी को स्थगित कर सकता है या किसी भी लोन अकाउंट को उससे वापस ले सकता है, जिसमें खाते का पुनर्भुगतान या नियमितीकरण, किसी अदालत या प्राधिकरण के आदेश, या परिचालन संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं।

अगर यहाँ बताई गई तारीख पर नीलामी नहीं हो पाती या पूरी नहीं हो पाती है, तो आईआईएफएल अपनी मर्ज़ी से और उचित सूचना देकर, बाद की किसी तारीख पर उसी ज़िले या आस-पास के ज़िले में नीलामी कर सकता है या उसे जारी रख सकता है, या फिर ऑनलाइन नीलामी भी कर सकता है।

हितों का कोई टकराव नहीं: RBI के निर्देशों का पालन करते हुए, आईआईएफएल और उससे जुड़े पक्षकार नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

नीलामी से मिली रकम: नीलामी में मिली राशि और समायोजित की गई बकाया राशि की पूरी जानकारी उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) / कानूनी उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) को दी जाएगी। अगर कोई अतिरिक्त रकम बच जाती है, तो नीलामी से मिली पूरी रकम मिलने के सात कामकाजी दिनों के भीतर उसे वापस कर दिया जाएगा (यह उधारकर्ता की बैंकिंग जानकारी उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा); इसलिए उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संबंधित लोन देने वाली शाखा में अपने बैंक अकाउंट की नवीनतम जानकारी अपडेट कर लें। अगर यह राशि कम है, तो उसे ऋण समझौते के अनुसार वसूला जाएगा।

विस्तृत जानकारी और नियमों व शर्तों के लिए, कृपया आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड की संबंधित लोन देने वाली शाखा (पता अकाउंट लिस्ट के साथ दिखाया गया है) या आईआईएफएल कस्टमर केयर से 1860-267-3000 पर संपर्क करें।

हस्ताक्षर/-
तारीख: 24.11.2026 **अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
स्थान: शिवपुरी **आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड**